(6)

# SHRI G.S. INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE, INDORE (M.P.)

## NOTE SHEET

File/Ref.No.: शा नि (शासी.नि.)/126/2024/1219 Page No.: 4/12/2024

माननीय मंत्री तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन एवं अध्यक्ष शासी निकाय की अध्यक्षता में **मंगलवार, दिनांक 3 दिसम्बर, 2024 को दोपहर 2.00 बजे से एस.जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर** में सम्पन्न **शासी निकाय की 126वीं (आपात) बैठक का कार्यवृत्त** संलग्न है। शासी निकाय के सदस्य सचिव के रूप में प्रत्येक पृष्ठ पर अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षर किया गया है।

माननीय से अनुरोध है कि शासी निकाय की 126वीं (आपात) बैठक के कार्यवृत्त पर हस्ताक्षर कर अनुमोदन प्रदान करें। तदुपरान्त शासी निकाय के सभी सदस्यों को इसी प्रति दी जाएगी ।

माननीय अध्यक्ष शासी निकाय के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत ।

नीतेश
4/12/24

(प्रो. नीतेश पुरोहित)
निदेशक एवं सदस्य सचिव,शासी निकाय,
श्री गोविंदराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड साईंस,इंदौर

माननीय श्री इन्दरसिंह परमार
अध्यक्ष, शासी निकाय, एसजीएसआयटीएस, इंदौर
एवं
मंत्री,तकनीकी शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र. शासन

दिनांक 5/12/2024

(8)

# श्री गोविन्दराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान

23, विश्वेश्वरैया मार्ग, इंदौर (म.प्र.)

शासी निकाय की 126वीं (आपात) बैठक का

कार्यवृत्त

| | | |
|---|---|---|
| बैठक दिनांक | : | 03/12/2024 |
| दिन | : | मंगलवार |
| समय | : | अपरान्ह 2.00 बजे से |
| स्थान | : | बोर्ड रूम, एस.जी.एस.आय.टी.एस. इंदौर |
| शासी मंडल अध्यक्ष | : | श्री इंदरसिंह परमार<br>माननीय मंत्री जी (तकनीकी शिक्षा) म0प्र0 |
| निदेशक (सदस्य–सचिव) | : | प्रो. नीतेश पुरोहित |

N. Purohit
4/12/24

Scanned with OKEN Scanner

श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, इंदौर

संस्थान के शासी निकाय की 126वीं बैठक की प्रस्तावित कार्यसूची

| मद क्रमांक | मद विवरण |
|---|---|
| मद क्र. 126–01 | प्रो. नीतेश पुरोहित द्वारा संस्थान निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने की सूचना एवं उनके वेतन निर्धारण के विषय। |
| मद क्र. 126–02 | डायरेक्टर एडवायजरी कमेटी गठन की सूचना । |
| मद क्र. 126–03 | संस्थान में डीन्स के पदों को पुनर्गठित करने एवं अधिक वित्तीय अधिकार देने के विषय में । |
| मद क्र. 126–04 | निदेशक की अनुपस्थिति में उनका प्रभार पूर्व कार्यकारी निदेशक को देने के विषय में । |
| मद क्र. 126–05 | संस्थान की सेक्शन–8 कंपनी के विषय में । |
| मद क्र. 126–06 | Multi Displinary Education Research University (MERU) के लिए समिति का गठन। |
| मद क्र. 126–07 | श्री जी.एस. टेक्नालॉजीकल सोसायटी, इंदौर की दिनांक 10/12/2024 को आयोजित बैठक की सूचना एवं मार्गनिर्देश के लिए । |
| मद क्र. 126–08 | संस्थान के शिक्षकीय और गैर–शिक्षकीय पदों की समीक्षा का चयन प्रक्रिया के लिए समिति का गठन करने बाबत। |
| मद क्र. 126–09 | नए शासी निकाय गठन एवं कार्यकाल के विषय में । |
| मद क्र. 126–10: | **अध्यक्ष की अनुमति से रखे अन्य मद**<br>(A) पी.एफ. ट्रस्ट, श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, इंदौर में आयुक्त (तकनीकी शिक्षा) को नामिनी बनाये जाने के संबंध में ।<br>(B) इन्फोबिन्स फाउण्डेशन से एटीसी भवन खाली कराने के विषय में ।<br>(C) पुरानी इमारत ढहाकर नया भवन निर्माण के लिए डीपीआर बनाने हेतु समिति का गठन ।<br>(D) संस्थान के लेखों के संबंध में । |

N. Purohit
4/12/24

Scanned with OKEN Scanner

श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान, इंदौर (म.प्र.)

संस्थान के शासी निकाय की 126वीं(आपात) बैठक दिनांक 03/12/2024 का कार्यवृत्त

संस्थान के शासी निकाय की 126वीं (आपात) बैठक मंगलवार, दिनांक 03/12/2024 को अपरान्ह 2.00 बजे से बोर्ड रूम, एस.जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर में माननीय श्री इन्दरसिंह परमार, मंत्री, तकनीकी शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन एवं पदेन अध्यक्ष, शासी निकाय, एस.जी.एस.आय.टी.एस. इंदौर की अध्यक्षता में हाईब्रिड मोड में सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष सहित निम्न सदस्य उपस्थित थे ।

1. श्री इन्दरसिंह परमार, — अध्यक्ष
   माननीय मंत्री,
   तकनीकी शिक्षा विभाग,
   म0प्र0 शासन, वल्लभ भवन,
   भोपाल– 462 004

2. सुश्री हर्षिका सिंह,
   आयुक्त तकनीकी शिक्षा, म0प्र0,
   सतपुड़ा भवन, चतुर्थ मंजिल,
   भोपाल – 462 004

3. डॉ. दीपक बी. फाटक,
   (श्री जी.एस. टेक्नालॉजीकल सोसायटी, इंदौर द्वारा नामित)

4. श्री अभयसिंह भरकतिया,
   (श्री जी.एस. चेरिटी ट्रस्ट द्वारा नामित)

5. इंजी. मनीष गुप्ता,
   (मध्यप्रदेश शासन द्वारा नामित उद्योग प्रतिनिधि)

6. डॉ0 मिलिंद दांडेकर,
   (शिक्षक प्रतिनिधि)

7. श्री कृष्णकांत धाकड,
   (शिक्षक प्रतिनिधि)

8. इंजी. डी.एल. गोयल,
   प्रेसीडेंट एलुमिनी एसोसिएशन,
   एस.जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर — आमंत्रित सदस्य

9. श्री लोकेश जैन,
   गैर शिक्षक कर्मचारी प्रतिनिधि — आमंत्रित सदस्य

10. प्रो. नीतेश पुरोहित,
    निदेशक, एस.जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर — सदस्य सचिव

N. Purohit
4/12/24

अविरत ...2/.

Scanned with OKEN Scanner

सार्थ ही कार्यवृत्त के समुचित नोट्स लेने के लिए श्री बी.के. बिलावर जी को मीटिंग में रहने की अनुमति देते हुए निम्नलिखित सदस्यों को बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण अध्यक्ष द्वारा **Leave of absence** प्रदान की गई।

1. प्रमुख सचिव,
   तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास विभाग,
   मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल– 462 004

2. प्रमुख वित्त सचिव,
   मध्यप्रदेश भाासन, वल्लभ भवन,45
   भोपाल– 462 004

3. कुलपति,
   राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,
   गांधी नगर, एयरपोर्ट बायपास रोड,
   भोपाल – 462 036

4. क्षेत्रीय अधिकारी,
   अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद,
   रा.गा.प्रौ.वि.वि. परिसर, एयरपोर्ट बायपास रोड, भोपाल

5. जस्टिस पी.पी. नावलेकर,
   श्री गो.से. टेक्नालॉजीकल सोसायटी द्वारा नामित

6. श्री नन्दकुमार . सेकसरिया
   श्री गो.से. चेरिटी ट्रस्ट द्वारा नामित

7. श्री अशोक सर्राफ,
   श्री गो.से. टेक्नालॉजीकल सोसायटी द्वारा नामित

8. श्री राजेश धाकड,
   शिक्षक प्रतिनिधि

Scanned with OKEN Scanner

बैठक के प्रारम्भ में नवनियुक्त निदेशक एवं सदस्य सचिव, शासी निकाय द्वारा बैठक में उपस्थित माननीय अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का स्वागत किया गया। तदुपरान्त अध्यक्ष शासी निकाय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई ।

मद क्र. 126–01 : प्रो. नीतेश पुरोहित द्वारा संस्थान निदेशक का कार्यभार ग्रहण करने की सूचना एवं उनके वेतन निर्धारण के विषय ।

सदस्य सचिव ने सदन को सूचित किया कि 30 अक्टूबर, 2024 को प्रो. नीतेश पुरोहित ने निदेशक का पदभार ग्रहण किया एवं उनके ज्वाइनिंग लेटर को अध्यक्ष शासी निकाय ने स्वीकृत कर लिया है । शासी निकाय ने सर्वसम्मति से इसका अनुमोदन किया । तदुपरांत सदस्य सचिव ने प्रो. नीतेश पुरोहित के वेतन निर्धारण हेतु संस्थान के रजिस्ट्रार एवं वित्त अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से की गई निम्नलिखित अनुशंसा को पटल पर रखा।

"1 (अ) डॉ. पुरोहित को निदेशक के पद पर विशेष प्रकरण के रूप में वेतनमान रु.1442000–218200/– लेवल–14 के स्थान पर वेतनमान रु.159100–220200/–लेवल–14ए स्वीकृत किया जाए।

(ब) चूंकि वे प्राध्यापक के पद से उच्चतर पद निदेशक के पद पर नियुक्त किये गये हैं अतः वेतनमान रु.159100–220200/– लेवल–14ए में उनके पूर्व वेतन रु.190000/– से अगले प्रक्रम पर उनका वेतन निर्धारण रु.195700/– पर किया जावे।

2. चूंकि वे आई.आई.आई.टी., इलाहाबाद से दिनांक 29/10/2024 पूर्वान्ह में कार्यमुक्त होकर दिनांक 29/10/2024 को यात्रा के उपरांत उन्होंने दिनांक 30/10/2024 को संस्थान में कार्यभार ग्रहण किया है, अतः उन्हें दिनांक 29/10/2024 को यात्रा दिवस स्वीकृत करते हुए उनकी नियुक्ति संस्थान में दिनांक 29/10/2024 से मान्य की जाये ।

3. प्रो. पुरोहित द्वारा आई.आई.आई.टी., इलाहाबदा में दी गई सेवाओं में संस्थान की सेवाओं को निरंतर मानते हुए उन्हें यथा समय मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति उपादान, अवकाश नगदीकरण आदि का लाभ दिया जाये ।"

शासी निकाय ने उपरोक्त अनुशंसा को स्वीकारते हुए यह निर्देशित किया कि इस विषय को अगली वित्त समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उसकी अनुशंसाओं को भी समायोजित किया जाए ।

मद क्र. 126–02: डायरेक्टर एडवायजरी कमेटी गठन की सूचना ।

संस्थान निदेशक द्वारा अवगत कराया गया कि महत्वपूर्ण विषयों पर विचार विमर्श हेतु एक "डायरेक्टर एडवायजरी कमेटी" बनाई गई है जिसमें, डीन्स एवं शासी निकाय में शिक्षक प्रतिनिधि सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त आवश्यकतानुसार संस्थान के एलुमिनी, शासी निकाय में बाहर के सदस्य, वर्तमान छात्र तथा नॉन टीचिंग स्टाफ को भी आमंत्रित करने का प्रावधान है।

शासी निकाय द्वारा यह नोट किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि आमंत्रित नॉन टीचिंग स्टाफ के लिए सदस्य का नामांकन शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के माध्यम से किया जाए।

अविरत ...4/..

Scanned with OKEN Scanner

मद क्र. 126–03: संस्थान में डीन्स के पदों को पुनर्गठित करने एवं अधिक वित्तीय अधिकार देने के विषय में।

निदेशक द्वारा बताया गया कि संस्थान में वर्तमान में 6 डीन्स कार्यरत हैं जिनकी नियुक्ति वरिष्ठता के आधार पर होती है। इस विषय में गहन चर्चा के बाद वर्तमान 6 डीन्स के पदों को विलोपित कर डायरेक्टर एडवायजरी कमेटी ने निम्नानुसार तीन डीन के पद बनाये जाने, संस्थान निदेशक द्वारा प्रशासनिक क्षमता एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं का समुचित आकलन कर प्रोफेसर पद पर कार्यरत व्यक्तियों को डीन पद पर नियुक्त करने, डीन्स के वित्तीय अधिकार बढ़ाकर रु.25000/– (किसी एक मद पर या संयुक्त मदों पर)करने का अनुमोदन प्रदान करने की अनुशंसा की ।

1. Dean (Infrastructure, Planning, Finance & Administration (IPFA) -- Prof. Milind Dandekar
2- Dean (students, Staff and Alumni Affairs(SSAA) -- Prof. Awadesh Dalpati
3- Dean (Academic, Research and Skill Development (ARSD) -- Prof. Lalit Purohit

साथ ही इन नये डीन्स के पदों पर उपरोक्त शिक्षकों का चयन संस्थान के सभी प्रोफेसरों के साथ मीटिंग में सर्वसम्मति से लिया गया ।

शासी निकाय ने उपरोक्तानुसार डीन की नियुक्ति को अनुमोदित करते हुए यह निर्देशित किया कि एक वर्ष बाद इसकी समीक्षा की जाएगी ।

मद क्र. 126–04:निदेशक की अनुपस्थिति में उनका प्रभार पूर्व कार्यकारी निदेशक को देने के विषय में ।

डायरेक्टर एडवायजरी समिति ने यह निर्णय लिया कि संस्थान के नियमित निदेशक की अनुपस्थिति में पूर्व प्रभारी निदेशक (प्रो. एस.एम. नारूलकर) संस्थान के प्रभारी निदेशक होंगे तथा वे नियमित निदेशक के निर्देशानुसार एवं अनुमति से अपने प्रशासनिक अधिकारों एवं दायित्वों का निवर्हन करेंगे । आवश्यकता के अनुसार निदेशक अन्य किसी प्रोफेसर को भी प्रभार सौंप सकेंगे।

शासी निकाय ने उपरोक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया ।

मद क्र. 126–05 : संस्थान की सेक्शन–8 कंपनी के विषय में।

संस्थान निदेशक द्वारा सेक्शन–8 कंपनी अधिनियम के अन्तर्गत गठित **SGSITS Incubation Forum (SIF)**की दिनांक 2/11/2024 को बोर्ड आफॅ डायरेक्टर्स की हुई बैठकों में लिए गए निर्णयों से अवगत कराया गया ।

शासी मंडल ने यह निर्णय लिया गया कि संस्थान के पदेन निदेशक ही **SIF** के डायरेक्टर तथा चेयरमेन, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर होंगे, नाम से नहीं । **SIF** बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के द्वारा भविष्य के लिए रोड मेप बनवाकर अगली शासी निकाय की बैठक में रखने का निर्देश दिया गया ।

N. Purohit

अविरत .....5/..

Scanned with OKEN Scanner

मद क्र. 126–06 :Multi Displinary Education Research University (MERU) के लिए समिति का गठन ।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तुत Multi Displinary Education Research University (MERU) के समुचित क्रियान्वयन हेतु विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर शासी निकाय की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निम्नानुसार समिति के गठन का अनुमोदन किया गया:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- | Director SGSITS, Indore | - | Chairman |
| 2- | Nominee of Secretary Finance | - | Member |
| 3- | Nominee of Secretary Tech. Education | - | Member |
| 4- | Nominee of Vice Chancellor RGPV, Bhopal | - | Member |
| 5- | One Professor of the Institute (Prof. J.T. Andrews) | - | Member Secretary |

मद क्र. 126–07: श्री जी.एस. टेक्नालॉजीकल सोसायटी, इंदौर की दिनांक 10/12/2024 को आयोजित बैठक की सूचना एवं मार्गनिर्देश के लिए।

संस्थान निदेशक एवं सदस्य सचिव, श्री जी.एस. टेक्नालॉजीकल सोसायटी, इंदौर द्वारा सोसायटी की बैठक दिनांक 10/12/2024 को मुंबई में आयोजित किये जाने एवं सोसायटी अध्यक्ष के साथ 5 दिसंबर, 2024 को जबलपुर में बैठक की सूचना दी गई। चूंकि यह बैठक संस्थान के संदर्भ में भी काफी महत्वपूर्ण है इसलिए उसमें निम्नलिखित विषयों पर चर्चा होना प्रस्तावित है:–

1/ राज्य शासन एवं श्री जी.एस. टेक्नालॉजीकल सोसायटी के साथ में माननीय उच्च न्यायालय,मध्यप्रदेश, खण्डपीठ, इंदौर में लंबित याचिकाओं को निराकृत करने बाबत।

2/ जीएसआईएमआर और एसजीएसआयटीएस, इंदौर के बीच में असहमति/विवादों पर चर्चा।

3/ Multi Displinary Education Research University (MERU) के संबंध में चर्चा।

4/ संस्थान परिसर में स्वर्गीय श्री गोविंदराम सेकसरिया जी की मूर्ति स्थापना के संबंध में ।

5/ संस्थान और सोसायटी के संबंध में अन्य संगत मुद्दे।

चर्चा उपरान्त उपरोक्तानुसार प्रस्तुत प्रस्तावों पर सोसायटी की बैठक में चर्चा के लिए अनुमोदन किगा गया तथा संस्थान निदेशक को अधिकृत किया गया ।

बैठक में सोसायटी के साथ में जो याचिकाएं माननीय उच्च न्यायालय में वर्षो से लंबित है पर चर्चा हुई तथा यह निर्णय लिया गया कि सोसायटी पहले कोर्ट केस वापस ले ताकि संस्थान के विकास का मार्ग प्रशस्त हो । संस्थान का नाम यथावत "श्री गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान रहेगा। माननीय मंत्रीजी द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि संस्थान का संक्षिप्त नाम न लिखकर दस्तावेजों/पत्रव्यवहार में पूरा नाम ही लिखा जाए ।

अविरत .....6/..

Scanned with OKEN Scanner

यह भी चर्चा हुई कि संस्थान को 'डायरेक्टर एसजीएसआयटीएस, इंदौर' के नाम से पूर्व में कलेक्टर, इंदौर द्वारा लीज पर जमीन दी गई है, अतः संस्थान द्वारा लीज डीड शीघ्रातिशीघ्र साईन कर लेना चाहिए ।

संस्थान में श्री गोविंदराम जी की मूर्ति रखी है उसे कपड़े से ढक व ससम्मान रखा जाए एवं पूर्व लिए निर्णयों के अनुसार स्वामी विवेकानंद एवं श्री गोविंदराम जी की मूर्तियों को भी स्थापित किया जाएं ।

मद क्र.126– 08 : संस्थान के शिक्षकीय एवं गैर–शिक्षकीय रिक्त पदों पर चयन हेतु समिति का गठन करने के विषय में ।

पूर्व में चालू की गई भर्ती की समस्त प्रक्रिया को समाप्त कर (संस्थान में रजिस्ट्रार के पद पर नियुक्ति के निर्णय को छोड़कर जिसकी कार्यवाही चल रही है) नये सिरे से शिक्षकों एवं कर्मचारियों के पदों की समीक्षा कर चयन प्रक्रिया निश्चित करने हेतु निम्नलिखित प्रस्तावित समिति का अनुमोदन किया गया ।

1. प्रो. मिलिंद दांडेकर – अध्यक्ष
2. प्रो.अंजना जैन – सदस्य
3. प्रो. एच.के. महियार – सदस्य
4. श्री लोकेश जैन (आमंत्रित सदस्य)
5. रजिस्ट्रार – नॉन मेम्बर सेक्रेटरी

इस समिति से यह अपेक्षित है कि संस्थान में शिक्षकों और कर्मचारियों की आवश्यकतानुसार पदों को भरने के लिए मध्यप्रदेश शासन के रोस्टर एवं नियमों का पालन किया जाए। साथ ही कर्मचारियों के लिए शासी निकाय द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों पर भी समुचित अनुशंसा करे।

मद क्र.126– 09 : नई शासी निकाय के गठन एवं कार्यकाल के विषय ।

निदेशक द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव अनुसार वर्तमान शासी निकाय जिसका की तीन वर्ष का कार्यकाल 27 दिसम्बर, 2024 को समाप्त हो रहा है को 30 जून, 2025 तक बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया । तदनुसार 1 जुलाई 2025 से आगामी तीन वर्ष के लिए शासी निकाय का गठन किया जाएगा । यही व्यवस्था शासी निकाय की उपसमितियां– प्रबंधन समिति, वित्त समिति एवं अपील एवं ग्रीवेंस कमेटी पर भी लागू होगी ।

पूर्व में मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा इंजी. मनीष गुप्ता की नियुक्ति शासी निकाय में उद्योग प्रतिनिधि के रूप में गई है । माननीय अध्यक्ष ने उन्हें ही उपरोक्तानुसार अगली शासी निकाय के संपूर्ण कार्यकाल के लिए चुना जिसे शासी निकाय ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया ।

## अध्यक्ष की अनुमति से रखे अन्य मद ।

(A) पी.एफ. ट्रस्ट, श्री गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड साईंस, इंदौर में आयुक्त (तकनीकी शिक्षा) को नामिनी बनाये जाने के संबंध में ।

निर्णय लिया गया कि आयुक्त (तकनीकी शिक्षा) ही पदेन पी.एफ. कमेटी एवं पी.एफ. ट्रस्ट, श्री

अविरत .....7/..

Scanned with OKEN Scanner

गोविंदराम सेकसरिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी एण्ड साईंस, इंदौर में शासी निकाय नामिनी होंगे तथा उन्हें किसी अन्य व्यक्ति को नामिनी बनाने का अधिकार नहीं होगा ।

(B) इन्फोबिन्स फाउण्डेशन से एटीसी भवन खाली कराने के विषय में ।

इस विषय में लंबी चर्चा के उपरांत यह पाया गया कि इन्फोबिन्स फाउण्डेशन की संस्थान के लिए कोई उपयोगिता नहीं है। अतः यह निर्णय लिया गया कि एटीसी भवन में इन्फोबिन्स फाउन्डेशन को दिये गये कमरों को तुरंत खाली कराने की कार्यवाही की जाए एवं म.प्र. शासन के नियमानुसार बकाया किराया वसूलने की कार्यवाही की जाए ।

(C) पुरानी इमारत ढहाकर नया भवन निर्माण के लिए डीपीआर बनाने हेतु समिति का गठन ।

संस्थान के शिक्षकों की समिति गठन कर समुचित डी.पी.आर. बनवाने और शासी निकाय की अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया ।

(D) संस्थान के लेखों के संबंध में ।

संस्थान को वर्तमान वित्तीय वर्ष में अनुदान की किस्ते आडिट आपत्तियों के निराकरण के अभाव में रोक दी गई है जिससे संस्थान की वित्तीय स्थिति अत्यन्त खराब हो गई है। संस्थान के विरूद्ध स्थानीय निधि संपरीक्षा के साथ साथ मध्यप्रदेश शासन लेखा विभाग की आपत्तियां भी है । सदन को यह अवगत कराया गया कि संस्थान में विभिन्न कार्यों हेतु 56 एकाउण्टस नहीं, केवल 27 एकाउण्ट्स थे जो कि वर्तमान में केवल 18 रह गये हैं। शासन के निर्देशानुसार स्वीकृत परियोजनाओं के लिए पृथक खाते खोलना आवश्यक है जो कि परियोजना की समाप्ति तक चालू रहेंगे ।

माननीय अध्यक्ष द्वारा निर्देशित किया गया कि किसी भी तरह की शासन की वित्तीय आपत्तियों का निराकरण हर हाल में किए जाए वरना संस्थान के लिए यह गंभीर समस्या बन सकती है, अतः निदेशक समुचित कार्यवाही करें।

अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को धन्यवाद देने के साथ शासी निकाय की बैठक समाप्त हुई।

N. Purohit
4/12/24
(प्रो. नीतेश पुरोहित)
निदेशक एवं सदस्य सचिव, शासी निकाय

(माननीय श्री इन्दर सिंह परमार)
अध्यक्ष, शासी निकाय, एस.जी.एस.आय.टी.एस., इंदौर
एवं मंत्री, तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल

Scanned with OKEN Scanner